आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 06.12.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने उत्तराखंड में बढ़ते मानव–वन्यजीव संघर्ष का मुद्दा संसद में उठाया। सरकार से त्वरित, प्रभावी और ठोस रणनीति लागू करने की मांग की।
- राष्ट्र आज भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर को उनके 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।
- चारधाम यात्रा मार्ग को और अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से टिहरी जिले के घनसाली क्षेत्र में अवसंरचना विकास कार्य तेज गति से जारी।
- **और**, पुरुष क्रिकेट में, भारत–दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा और अंतिम एक दिवसीय मैच आज दोपहर विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।

मानव वन्य जीव

गढ़वाल लोकसभा सांसद अनिल बलूनी ने उत्तराखंड में बढ़ते मानव–वन्यजीव संघर्ष का मुद्दा संसद में उठाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में वन्यजीव हमलों के कारण लगातार नागरिकों की मृत्यु हो रही है और कई लोग घायल हो रहे हैं। सांसद बलूनी ने सरकार से इस गंभीर समस्या पर त्वरित, प्रभावी और ठोस रणनीति लागू करने की मांग की।

सोशल मीडिया के माध्यम से उन्होंने बताया कि वे पहले भी यह मुद्दा केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के समक्ष रख चुके हैं, ताकि बढ़ते हमलों को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए जा सकें। इसके साथ ही उन्होंने उत्तराखंड वन विभाग के पीसीसीएफ से अनुरोध किया है कि वन्यजीव हमलों की स्थिति की नियमित समीक्षा की जाए और प्रतिदिन की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

उधर, पौड़ी जिले के गजल्ड गांव में सक्रिय आदमखोर गुलदार के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने शूटर तैनात कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी जारी है और संबंधित विभाग स्थिति पर करीबी नजर बनाए हुए हैं।

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि आमजन की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बताया कि वन विभाग, पुलिस प्रशासन और स्थानीय टीमों के संयुक्त प्रयास से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## महापरिनिर्वाण दिवस

देश आज भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर को उनकी 70वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। यह दिन महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता थे। इस अवसर पर देश भर में आज कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कीं।

## इंडिगो

नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्दीकरण की स्थिति में सुधार हो रहा है और उम्मीद है कि आज से यात्रियों को प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। श्री नायडू ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्यान हवाई अड्डों पर लंबित उड़ानों की संख्या कम करने पर है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी जरूरी हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है।

देश में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने के बाद यात्रियों की बढ़ती माँग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने सुगम यात्रा और पर्याप्त सुविधा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। देश में कुल 37 रेलगाडियों में 116 अतिरिक्त डिब्बे लगाए गए हैं। दक्षिण रेलवे ने सबसे ज़्यादा डिब्बे बढ़ाए हैं, जिससे 18 रेलगाडियों की क्षमता बढ़ी है।

## अग्निकांड

उत्तरकाशी जिले के मोरी क्षेत्र में तड़के एक तीन मंजिला आवासीय भवन आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। हादसे में भवन में रखा घरेलू सामान भी पूरी तरह नष्ट हो गया। आग में चार पशुओं के हानि होने की सूचना है, हालांकि किसी मानव हानि की खबर नहीं है।

अधिकारियों के अनुसार, क्षति का विस्तृत विवरण और आग लगने के कारणों की पुष्टि राजस्व विभाग की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही हो सकेगी।

स्थानीय ग्रामीणों ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए पीड़ित परिवार को त्वरित सहायता प्रदान करने की मांग की है।

## मोटर पुल

चारधाम यात्रा मार्ग को और अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए टिहरी जिले के घनसाली क्षेत्र में अवसंरचना विकास तेज गति से जारी है। घनसाली में भिलंगना नदी पर बने पुराने पुल के समानांतर 50 मीटर लंबा डेढ़ लाइन मोटर पुल निर्माणाधीन है। यात्रा सीजन के दौरान बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए यह नया पुल अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इंजीनियरों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो दिसंबर 2026 तक पुल का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

घनसाली लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता दिनेश नौटियाल ने बताया कि क्षेत्र में 12 नए पुलों का निर्माण कार्य भी विभिन्न चरणों में चल रहा है। इन पुलों के तैयार होने से भिलंगना घाटी के गांवों तथा चारधाम मार्ग दोनों की कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग

उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने देहरादून के केदापुरम स्थित राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र 'नारी निकेतन' का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से रात्रिकालीन सुरक्षा, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं और शीतकालीन व्यवस्थाओं का विस्तृत मूल्यांकन किया।

श्रीमती कंडवाल ने परिसर में सुरक्षा प्रबंध, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य निगरानी और शौचालयों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बढ़ती ठंड को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने हाल ही में नारी निकेतन में एक संवासिनी की संदिग्ध मृत्यु के मामले में जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट से विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की।

क्रिकेट

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा और अंतिम एक दिवसीय क्रिकेट मुकाबला आज विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। मैच दोपहर डेढ बजे शुरू होगा। दोनों टीम श्रृंखला में 1–1 की बराबरी पर है। ऐसे में यह मुकाबला श्रृंखला के विजेता का फैसला करेगा।

हॉकी जूनियर विश्व

चेन्नई में हॉकी जूनियर विश्व कप में, भारत ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बेल्जियम को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

भारत कल सेमीफाइनल में सात बार के विश्व कप विजेता जर्मनी से खेलेगा।